Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/2021-2023 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष-३० अंक-१६-१७ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६ अगस्त- १५ सितम्बर २०२२ (संयुक्तांक) पृष्ठ १२ मूल्यः१० रु.मात्र (रंगीन सहित)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी १५ अगस्त, २०२२ को दिल्ली में ७६वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए।

## एक पुण्य पड़ाव, एक नई राह, एक नये संकल्प और नये सामर्थ्य के साथ कदम बढ़ाने का है यह शुभ अवसर -पीएम मोदी

पसूका/नई दिल्लीः आजादी के ७५ वर्ष पूर्ण होने पर देशवासियों को अनेक-अनेक शुभकामनाएं देते प्रधानमंत्री मोदी ने कहा की न सिर्फ हिन्दुस्तान का हर कोना, लेकिन दुनिया के हर कोने में आज किसी न किसी रूप में भारतीयों के द्वारा या भारत के प्रति अपार प्रेम रखने वालों के द्वारा विश्व के हर कोने में यह हमारा तिरंगा आन-बान-शान के साथ लहरा रहा है। उन्होने कहा कि मैं विश्वभर में फैले हुए भारत प्रेमियों को, भारतीयों को आजादी के इस अमृत महोत्सव की बहुत-बहुत बधाई देता हूं और आज का यह दिवस ऐतिहासिक दिवस है। एक पुण्य पड़ाव, एक नई राह, एक नये संकल्प और नये सामर्थ्य के साथ कदम बढ़ाने का यह शुभ अवसर है। आजादी के जंग में गुलामी का पूरा कालंखड संघर्ष में बीता है। हिन्दुस्तान का कोई कोना ऐसा नहीं था, कोई काल ऐसा नहीं था, जब देशवासियों ने सैकड़ों सालों तक गुलामी के खिलाफ जंग न किया हो। जीवन न खपाया हो, यातनाएं न झेली हो, आहूति न दी हो। आज हम सब देशवासियों के लिए ऐसे हर महापुरुष को, हर त्यागी को, हर बलिदानी को नमन करने का अवसर है। उनका ऋण स्वीकार करने का अवसर है और उनका स्मरण करते हुए उनके सपनों को जल्द से जल्द पूरा करने का संकल्प लेने का भी अवसर है।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को किया सम्मानित




पसूका/नईदिल्लीः ऐतिहासिक लाल किले के प्रांगण में १३ अगस्त २०२२ को एक भव्य कार्यक्रम 'आजादी के अमर शहीदों का सम्मान' के साथ ही रेलवे सुरक्षा बल की अखिल भारतीय मोटरसाइकिल रैली के लिए 'फ्लैग इन (झंडी दिखाकर स्वागत)' समारोह का आयोजन किया गया। संचार, इलेक्ट्रॅनिक्स एवं आईटी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्य अतिथि के रूप में इस समारोह की अध्यक्षता की तथा देश के सभी हिस्सों से आए स्वतंत्रता संग्राम के ६ अमर शहीदों- महाराष्ट्र से शहीद शिवराम हरि राजगुरु, पश्चिम बंगाल से शहीद खुदीराम बोस, आंध्र प्रदेश से शहीद अल्लूरी सीताराम राजू, असम से शहीद कुशल कोंवर, ओडिशा से शहीद लक्ष्मण नायक और तेलंगाना से शहीद कोमाराम भीम के परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया। रेल राज्य मंत्री दर्शन जरदोश और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अलावा, रेल मंत्री ने प्रतिष्ठित लाल किले के परिसर में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में ७५ मोटरसाइकिलों वाली आरपीएफ मोटरसाइकिल रैली का झंडी दिखाकर स्वागत किया। लाल किला हमारे देश को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्षो और बलिदान का गवाह है। इस अवसर पर अपने संबोधन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया। उन्होंने आरपीएफ के बाइक चालकों और पीछे बैठने वाले सवारों के लिए ५ लाख रुपये का इनाम भी मंजूर किया। अश्विनी वैष्णव ने आगे आने वाली पीढ़ियों की जिम्मेदारी लेने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर भविष्य बनाने की जरूरत है। हमें भारत के भविष्य के गौरव की नींव रखने और अमृत काल के अंत तक, जब हम भारत की स्वतंत्रता की १००वीं वर्षगांठ मना रहे होंगे, अपने देश को उसके गौरव के शिखर पर ले जाने के लिए उस पर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं को आगे आने और प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित लक्ष्य की दिशा में काम करने तथा देश को विश्व का नेता बनाने का आह्वान किया।

## अटल ने लोकतंत्र को किया मजबूत-सीएम योगी



रे.स.ब्यूरो./सूत्र लखनऊः पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की चौथी पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार दिनांकः १६.०८.२०२२ को कहा कि वे भारत का चमकता सितारा थे। उन्होंने दुनिया के सामने भारत को नई पहचान दी। भारत आज दुनिया में मजबूत स्थिति में खड़ा है तो इसके पीछे उन्हीं का महत्वपूर्ण योगदान है। देश की तरक्की के बारे में सोचा, दिशा दी। सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर कार्य किया। उनका मानना था कि राजनीति देश के समग्र विकास की हो।

सीएम योगी राजधानी के चौक स्थित साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह व अटल के जीवन चरित्र पर आधारित 'विश्व स्वर अटल अमर' में उन्होंने कहा कि अटलजी का हर दल में सम्मान था। वह हर सम, विषम परिस्थिति का डटकर मुकाबला करते थे। उन्होने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि उन्होंने जो नींव रखी, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं।



# रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शनी का उद्घाटन



पसूका/नई दिल्लीः राजधानी दिल्ली में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रेल, संचार, इलैक्ट्रॉनिक और सूचना प्रोद्योगिक मंत्री अश्विनी वैष्णव के द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर, टेक्सटाइल तथा रेल राज्य मंत्री, दर्शाना विक्रम जरदोश, विदेश तथा संस्कृति राज्य मंत्री, मीनाक्षी लेखी, संसद सदस्य, लोक सभा, डाक्टर हर्षवर्धन, अध्यक्ष एव सी. ई. ओ., रेलवे बोर्ड , वी. के. त्रिपाठी, स्वतंत्रता सेनानी तथा सदस्य आई.एन. ए., डाक्टर बी. एन. पांडे , उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल, दिल्ली मंडल के म.रे.प्र. डिम्पी गर्ग, उत्तर रेलवे के पीएचओडी और दिल्ली मंडल के अधिकारियों ने समारोह में भाग लिया। इस दिवस को मनाने के लिए उत्तर रेलवे के स्टेशनों पर फोटोग्राफिक प्रदर्शनियां भी आयोजित की गई।

# संरक्षा विभाग, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ६७वॉ रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह आयोजित



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के संरक्षा विभाग द्वारा ६७वॉं रेल सप्ताह समारोह मुख्यालय स्थित सभागार में पूरी गरिमा के साथ आज दिनांक ०८ अगस्त, २०२२ को मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यालय एवं तीनों मंडलो बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर के संरक्षा विभाग में कार्यरत उत्कृष्ट कर्मचारियों को प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी स्तर पर संरक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह में अरुण कुमार जैन, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा वित्तीय वर्ष २०२१-२२ के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले संरक्षा विभाग के १६ कर्मचारियों को अवार्ड प्रदान किये गये। बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर सहित संरक्षा विभाग मुख्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति में सभी पुरस्कार विजेताओं को प्रशस्ती पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान किए गये। वित्तीय वर्ष २०२१-२२ के दौरान संरक्षा विभाग के कई कर्मचारी अपनी कर्तव्य निष्ठा में कार्य करते हुए अभूतपूर्व प्रदर्शन किये है, जिसके लिए उन्हे पुरस्कृत किया गया।

प्रधान मुख्य संरक्षा विभाग के द्वारा आयोजित ६७वॉं रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह के दौरान अमित कुमार दास, उप मुख्य संरक्षा अधिकारी (सिग्नल एवं दूरसंचार), राजेश एच. सिंह, उप मुख्य संरक्षा अधिकारी (विधुत), डी.के. सिंह, उप मुख्य संरक्षा अधिकारी (यातायात), वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी/ बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर सहित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के संरक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

''मनुष्य को ठंडा रहना चाहिए, क्रोध नहीं करना चाहिए। लोहा भले ही गर्म हो जाए, हथौड़े को तो ठंडा ही रहना चाहिए अन्यथा वह स्वयं अपना हत्था जला डालेगा। कोई भी राज्य प्रजा पर कितना ही गर्म क्यों न हो जाये, अंत में तो उसे ठंडा होना ही पड़ेगा।''

-सरदार वल्लभभाई पटेल

# महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त स्तर का पुरस्कार समारोह का आयोजन




रे.स.ब्यूरो./सूत्र.विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में अनुमंडल रेलवे हॉस्पिटल टूंडला में एक गोष्ठी का आयोजन अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. अविनाश की अध्यक्षता में किया गया। गोष्ठी का आयोजन अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. अविनाश की अध्यक्षता में किया गया। ज्ञात हो कि सम्पूर्ण विश्व में प्रत्येक वर्ष १ अगस्त से ०७ अगस्त तक विश्वस्तन पान सप्ताह का आयोजन किया जाता है। चिकित्सालय के बाल रोग विशेषज्ञ अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. अविनाश ने माँ के दूध के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। डा. अविनाश ने बताया कि प्रत्येक बच्चे को जन्म के बाद से लेकर ६ माह तक सिर्फ माँ का दूध ही पिलाया जाना चाहिए। मां के दूध में प्राकृतिक पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं जो कि शिशु के विकास एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए अत्यावश्यक है,तथा यह आसानी से पचाया जा सकता है और पेट में गैस नहीं बनती । इससे बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि होती है।

स्तनपान कराने वाली मां को कैंसर, खून की कमी, हाइपरटेंशन, डायविटीज, डिप्रेसन आदि जैसी बीमारियों के प्रति खतरे को कम करता है एवं मां के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी स्तनपान बेहतर बनाता है । अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा अविनाश ने कहा कि स्तनपान से होने वाले लाभों के बारे में सभी को जानकारी दिया जाना आवश्यक है, जिससे कि स्तनपान के प्रति समाज में जागरूकता उत्पन्न हो। गोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा अविनाश, चीफ कंसलटेंट (मुख्य सलाहकार) डॉ. जे.पी.उपाध्याय, डॉ. संजय द्विवेदी सहित अन्य चिकित्सक गण एवं चिकित्साकर्मी उपस्थित रहे।

हिन्दी भाषा रेल की भाषा
हिन्दी भाषा देश की भाषा

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कोर में स्वतन्त्रता दिवस



रे.स.ब्यूरो.सूत्र/ केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज में आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के अन्तर्गत स्वतंत्रता दिवस की ७५वीं वर्षगाँठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। अरुण कुमार, महाप्रबन्धक/कोर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर रेल सुरक्षा बल के जवानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई और एक आकर्षक परेड भी प्रस्तुत किया गया। महाप्रबन्धक महोदय ने स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। महाप्रबन्धक ने अपने सम्बोधन में कहा कि सुल्तानपुर-अयोध्या कैंट और बाराबंकी-अयोध्या कैंट जैसे महत्वपूर्ण खण्ड का विद्युतीकरण हो जाने से प्रयागराज और लखनऊ से अयोध्या जैसे धार्मिक पर्यटक स्थल तक एक विद्युतीकृत मार्ग की प्राप्ति हुई। इसी प्रकार महोबा-खजुराहो खण्ड का विद्युतीकरण होने से खजुराहो जैसे एक विश्व धरोहर स्थल तक सीधे विद्युतीकृत मार्ग की प्राप्ति हुई है । इस अवसर पर रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन (रीवो) की सम्मानित सदस्याओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। महाप्रबन्धक ने जरूरतमंद लोगों की सेवा और कोर के कर्मचारियों एवं उनके परिवारों की मदद के लिए रीवो का आभार व्यक्त किया।

# प्रयागराज मण्डल में अनधिकृत वेंडरों के विरुद्ध चला सघन अभियान

रे.स.ब्यूरो./सूत्र.प्रयागराज मण्डल के वाणिज्य एवं रेलवे सुरक्षा बल द्वारा अनाधिकृत वेंडिंग तथा बिना उचित कारण के अलार्म चेल खीचने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में प्रयागराज मंडल के रेलवे स्टेशनों में चलाये जा रहे विभिन्न अभियानों के क्रम में वर्तमान माह ०१ जुलाई २०२२ से ०२ अगस्त २०२२ तक कुल ११४ लोंगो को बिना उचित कारण चेन खीचने वालों पर कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार किया गया साथ ही इसी सामान अवधि के दौरान अलीगढ़ जंक्शन पर ११ लोगों को प्रयागराज जंक्शन पर ११ लोंगो को तथा कानपुर स्टेशन पर १० लोंगो को बिना उचित कारण चेन खीचने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। उन सभी पर रेलवे नियम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए ७१२१५/- रुपये जुर्माना स्वरुप वसूल किये गए।

इसी कड़ी में प्रयागराज मंडल में अवैध वेंडरों तथा ओवरचार्जिग की घटनाओं की रोकथाम के लिए मंडल द्वारा लगातार सभी स्टेशनों पर कार्यवाही की जा रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में ०१ जुलाई २०२२ से ०२ अगस्त २०२२ तक २०३ अवैध वेंडरों के खिलाफ कार्यवाही हुई तथा उनसे जुर्माना स्वरूप ११७६०५/- वसूल किए। जबकि इसी समान अवधि में अलीगढ़ जंक्शन स्टेशन पर १२ प्रयागराज स्टेशन पर १८ तथा कानपुर स्टेशन पर ५० अनधिकृत वेंडरों को पकड़ा गया और रेलवे सुरक्षा बल को अग्रिम कार्यवाही हेतु सौंपा गया।




# महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे आलोक कुमार के द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए मासिक संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. बिलासपुरः दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल में कार्यरत रेल कर्मी सचिन छत्रासाल को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा सबंधी कार्य निष्पादन के लिए जुलाई माह का महाप्रबंधक मासिक संरक्षा सम्मान से सम्मानित किया गया। दिनांक ०५ जुलाई , २०२२ को रायपुर रेल मंडल के बिल्हा रेलवे स्टेशन में कार्यरत सचिन छत्रासाल, स्टेशन मास्टर के द्वारा अप दिशा में जा रही माल गाड़ी के नवे वेगन में हॉट एक्सल दिखाई दिया, उन्होने तुरत संबन्धित अधिकारी को सूचना दी गयी और ट्रेन को दगोरी स्टेशन में रोककर खराब वेगन को अलग किया गया है एवं सतर्कता का परिचय देते हुए संभावित दुर्घटना को टालने में प्रशंसनीय कार्य किया गया है । संरक्षा से संबंधित अच्छी जानकारी, सजगता, सतर्कता एवं बेहतर संरक्षा भरे कार्य की सराहना करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर म.प्रबंधक आलोक कुमार ने उपरोक्त कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर म.प्रबंधक ने सचिन छत्रासाल से संवाद भी किया तथा उनके कार्य की जानकारी ली।

# विशेष रेलगाड़ियों का रीस्टोर

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु निम्न अनारक्षित मेल/एक्सप्रेस विशेष गाड़ियों को रीस्टोर करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत हैः-

## गाड़ी संख्या 04908 नई दिल्ली-अलीगढ़

**सेवा प्रारंभ करने की तिथि :** नई दिल्ली से- 01.09.2022 से अगले निर्देश तक।
**गाड़ी संरचना :** 15 डिब्बे। **आवृति :** प्रतिदिन

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | ---- | 18:05 |
| गाज़ियाबाद | 18:52 | 18:54 |
| मारीपत | 19:10 | 19:11 |
| दादरी | 19:17 | 19:18 |
| दनकौर | 19:35 | 19:36 |
| खुर्जा | 20:07 | 20:08 |
| सोमना | 20:28 | 20:29 |
| महरावल | 20:43 | 20:44 |
| अलीगढ़ | 21:00 | ---- |

## गाड़ी संख्या 04931 अलीगढ़-दिल्ली

**सेवा प्रारंभ करने की तिथि :** अलीगढ़ से- 02.09.2022 से अगले निर्देश तक।
**गाड़ी संरचना :** 15 डिब्बे। **आवृति :** प्रतिदिन

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| अलीगढ़ | ---- | 06:10 |
| खुर्जा | 06:52 | 06:53 |
| सिकंदरपुर | 06:58 | 06:59 |
| दादरी | 07:41 | 07:42 |
| मारीपत | 07:52 | 07:53 |
| गाज़ियाबाद | 08:22 | 08:24 |
| दिल्ली | 09:10 | ---- |

## गाड़ी संख्या 04929 अलीगढ़-दिल्ली

**सेवा प्रारंभ करने की तिथि :** अलीगढ़ से- 03.09.2022 से अगले निर्देश तक।
**गाड़ी संरचना :** 12 डिब्बे। **आवृति :** प्रतिदिन

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| अलीगढ़ | ---- | 01:55 |
| महरावल | 02:00 | 02:01 |
| दनवार | 02:27 | 02:28 |
| खुर्जा | 02:40 | 02:45 |
| सिकंदरपुर | 02:51 | 02:52 |
| गंगरौल हाल्ट | 02:56 | 02:57 |
| चोला | 03:03 | 03:04 |
| दनकौर | 03:20 | 03:21 |
| अजायबपुर | 03:33 | 03:34 |
| बोराकी | 03:39 | 03:40 |
| दादरी | 03:45 | 03:46 |
| दिल्ली | 05:00 | ---- |

## गाड़ी संख्या 04919 कोसीकलां-नई दिल्ली

**सेवा प्रारंभ करने की तिथि :** कोसीकलां से- 01.09.2022 से अगले निर्देश तक।
**गाड़ी संरचना :** 12 डिब्बे। **आवृति :** प्रतिदिन

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| कोसीकलां | ---- | 19:45 |
| होडल | 19:56 | 19:57 |
| रुंधी | 20:20 | 20:21 |
| पलवल | 20:39 | 20:40 |
| असावती | 20:49 | 20:50 |
| फरीदाबाद | 21:08 | 21:09 |
| नई दिल्ली | 22:10 | ---- |

## गाड़ी संख्या 04930 दिल्ली-अलीगढ़

**सेवा प्रारंभ करने की तिथि :** दिल्ली से- 02.09.2022 से अगले निर्देश तक।
**गाड़ी संरचना :** 12 डिब्बे। **आवृति :** प्रतिदिन

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| दिल्ली | ---- | 18:40 |
| दादरी | 19:49 | 19:50 |
| बोराकी | 19:54 | 19:55 |
| अजायबपुर | 20:01 | 20:02 |
| दनकौर | 20:08 | 20:09 |
| सिकंदरपुर | 20:33 | 20:34 |
| खुर्जा | 20:39 | 20:40 |
| कमालपुर | 20:45 | 20:46 |
| दनवार | 20:51 | 20:52 |
| सोमना | 21:00 | 21:01 |
| कुलवा | 21:09 | 21:10 |
| महरावल | 21:15 | 21:16 |
| अलीगढ़ | 21:30 | ---- |

## गाड़ी संख्या 04928 दिल्ली-खुर्जा

**सेवा प्रारंभ करने की तिथि :** दिल्ली से- 01.09.2022 से अगले निर्देश तक।
**गाड़ी संरचना :** 12 डिब्बे। **आवृति :** प्रतिदिन

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| दिल्ली | ---- | 18:30 |
| गाज़ियाबाद | 19:12 | 19:14 |
| मारीपत | 19:32 | 19:33 |
| दादरी | 19:39 | 19:40 |
| दनकौर | 19:58 | 19:59 |
| गंगरौल हाल्ट | 20:17 | 20:18 |
| सिकंदरपुर | 20:23 | 20:24 |
| खुर्जा | 20:35 | ---- |

## गाड़ी संख्या 04934 शकूरबस्ती-दनकौर

**सेवा प्रारंभ करने की तिथि :** शकूरबस्ती से- 01.09.2022 से अगले निर्देश तक।
**गाड़ी संरचना :** 12 डिब्बे। **आवृति :** प्रतिदिन

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| शकूरबस्ती | ---- | 11:20 |
| गाज़ियाबाद | 12:38 | 12:40 |
| मारीपत | 13:00 | 13:01 |
| दादरी | 13:07 | 13:08 |
| अजायबपुर | 13:18 | 13:19 |
| दनकौर | 13:40 | ---- |

## गाड़ी संख्या 04907 दनकौर-शकूरबस्ती

**सेवा प्रारंभ करने की तिथि :** दनकौर से- 01.09.2022 से अगले निर्देश तक।
**गाड़ी संरचना :** 12 डिब्बे। **आवृति :** प्रतिदिन

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| दनकौर | ---- | 07:00 |
| अजायबपुर | 07:09 | 07:10 |
| बोराकी | 07:16 | 07:17 |
| दादरी | 07:22 | 07:23 |
| मारीपत | 07:30 | 07:31 |
| गाज़ियाबाद | 07:53 | 07:55 |
| नई दिल्ली | 08:43 | 08:45 |
| शकूरबस्ती | 09:15 | ---- |

## गाड़ी संख्या 04932 दिल्ली-दनकौर

**सेवा प्रारंभ करने की तिथि :** दिल्ली से- 01.09.2022 से अगले निर्देश तक।
**गाड़ी संरचना :** 12 डिब्बे। **आवृति :** प्रतिदिन

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| दिल्ली | ---- | 05:15 |
| मारीपत | 06:13 | 06:14 |
| दादरी | 06:20 | 06:21 |
| बोराकी | 06:25 | 06:26 |
| अजायबपुर | 06:31 | 06:32 |
| दनकौर | 06:45 | ---- |

## गाड़ी संख्या 04933 दनकौर-दिल्ली

**सेवा प्रारंभ करने की तिथि :** दनकौर से- 01.09.2022 से अगले निर्देश तक।
**गाड़ी संरचना :** 12 डिब्बे। **आवृति :** प्रतिदिन

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| दनकौर | ---- | 15:25 |
| अजायबपुर | 15:33 | 15:34 |
| बोराकी | 15:39 | 15:40 |
| दादरी | 15:45 | 15:46 |
| मारीपत | 15:52 | 15:53 |
| गाज़ियाबाद | 16:10 | 16:12 |
| दिल्ली | 16:55 | ---- |

## गाड़ी संख्या 04935 खुर्जा-गाज़ियाबाद

**सेवा प्रारंभ करने की तिथि :** खुर्जा से- 01.09.2022 से अगले निर्देश तक।
**गाड़ी संरचना :** 12 डिब्बे। **आवृति :** प्रतिदिन

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| खुर्जा | ---- | 20:50 |
| सिकंदरपुर | 20:55 | 20:56 |
| दनकौर | 21:20 | 21:21 |
| अजायबपुर | 21:28 | 21:29 |
| बोराकी | 21:33 | 21:34 |
| दादरी | 21:39 | 21:40 |
| मारीपत | 21:46 | 21:47 |
| गाज़ियाबाद | 22:12 | ---- |

## गाड़ी संख्या 04916 नई दिल्ली-कोसीकला

**सेवा प्रारंभ करने की तिथि :** नई दिल्ली से- 01.09.2022 से अगले निर्देश तक।
**गाड़ी संरचना :** 12 डिब्बे। **आवृति :** प्रतिदिन

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | ---- | 04:25 |
| फरीदाबाद | 05:05 | 05:06 |
| बल्लभगढ़ | 05:15 | 05:16 |
| असावती | 05:24 | 05:25 |
| पलवल | 05:38 | 05:39 |
| रुंधी | 05:49 | 05:50 |
| शोलाका | 05:59 | 06:00 |
| होडल | 06:15 | 06:16 |
| कोसीकलां | 06:35 | ---- |

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in
@northcentralrailway | @CPRONCR 1146/22 (A)

**सम्पादकीय**

## बिहारः फिर एक महागठबंधन

एक बार फिर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीजेपी को सत्ता से हटा दिया । मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने एनडीए से अपना गठबंधन तोड़ते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस प्रयोग को भी पूरी तरह पुराने अर्थों में नहीं समझा जा सकता। बता दें कि बिहार के लिए यह प्रयोग कोई नया नहीं है। अब एक बार फिर बीजेपी और एनडीए को छोड़कर महागठबंधन का यह प्रयोग दोहराया जा रहा है। वैसे, तो हर पार्टी को अपनी जरूरतों और लक्ष्यों के अनुरूप अपनी रणनीति तय करने का अधिकार है, लेकिन एक अहम सहयोगी और हिंदी पट्टी का एक महत्वपूर्ण राज्य विपक्ष के हाथों गंवाने के बाद बीजेपी को इसे लेकर गहन आत्मचिंतन करने की जरूरत है।२०१३ में नीतीश के बीजेपी से गठबंधन तोड़ने का एलान करने के बाद २०१५ के विधानसभा चुनाव में इस महागठबंधन ने जबर्दस्त जीत दर्ज की थी। लेकिन दो साल महागठबंधन सरकार चलाने के बाद नीतीश कुमार ने फिर से बीजेपी और एनडीए का दामन थाम लेना बेहतर समझा। और, अगर नए, ताजा संदर्भों में देखें तो बिहार में एनडीए सरकार का गिरना खास तौर पर बीजेपी नेतृत्व के लिए झटका माना जाएगा। इसमें सबक भी सबसे ज्यादा उसी के लिए हैं। बीजेपी नेतृत्व पर पहले से यह आरोप लगता रहा है कि वह गठबंधन के अपने सहयोगी दलों को समुचित सम्मान नहीं देती और येन केन प्रकारेण अपने प्रभाव विस्तार की कोशिशों में लगी रहती है। महाराष्ट्र में हालांकि विपक्षी गठबंधन की सरकार थी, लेकिन जिस तरह से वहां सरकार गिराई गई, उसने बीजेपी नेतृत्व के तौर तरीकों को लेकर विपक्षी दलों के साथ-साथ सहयोगी दलों में भी आशंकाएं बढ़ाई।

# आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में धूमधाम से मनाया गया ७६ वां स्वतंत्रता दिवस



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक १५.०८.२०२२ को ७६ वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक एस.एस. कलसी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मुख्य कार्यक्रम आरेडिका स्थित सरस्वती प्रेक्षागृह प्रांगण में आयोजित किया गया।

आरेडिका में हर घर तिरंगा अभियान के दौरान लगभग २३०० घरों एवं जन सेवा भवनों पर १३-१५ अगस्त तिरंगा फहराया गया एवं जन सेवा भवनों को रंग-बिरंगे विद्युत प्रकाश द्वारा तिरंगे के रूप में सजाया गया एवं विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर राष्ट्र गौरव में सहभागिता की।

महाप्रबन्धक महोदय ने आरेडिका के वर्ष २०२२ की उपलब्धियों के बारे में बताया। रेलवे बोर्ड द्वारा आरेडिका को वित्तीय वर्ष २०२२-२३ में दिये गये लक्ष्य को पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। आरेडिका द्वारा वंदे भारत, तेजस एवं मोजाम्बिक हेतु विभिन्न प्रकार के कोचों का उत्पादन किया जा रहा है।

इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा परेड का प्रदर्शन किया गया जिसमें उ.प्र. पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के कर्मचारी तथा स्काउट एवं गाइड के बच्चे भी शामिल हुए एवं आरेडिका सांस्कृतिक संगठन द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जिसमें देशभक्ति गीत एवं नाटिका प्रस्तुत किए गये।

इसके साथ-साथ आरेडिका के आवासीय परिसर स्थित ज्ञानदा बाल मंदिर में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती हरविन्दर कलसी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।



आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर उ.प्र. के यशस्वी मा. मुख्यमंत्री परम श्रद्धेय योगी आदित्यनाथ जी महाराज के ब्रजभूमि मथुरा आगमन पर स्वागत व अभिनंदन कर कृपापूर्ण आर्शीवाद प्राप्त हुआ।

# महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने किया ई-निरीक्षण वेब पोर्टल के अपग्रेडेड वर्जन का शुभारंभ




रे.स.ब्यूरो./सूत्रः प्रयागराज महाप्रबंधक/ उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार ने आज उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में आयोजित साप्ताहिक संरक्षा और समयपालन समीक्षा बैठक के दौरान ई-निरीक्षण के अपग्रेडेड संस्करण २.० का शुभारंभ किया। बैठक में उत्तर मध्य रेलवे के सभी प्रधान विभागाध्यक्षों, डीआरएम प्रयागराज ने भाग लिया और डीआरएम आगरा एवं झांसी मंडल के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। मुख्य प्रबंधक/आईटी अंकुर चंद्रा ने पावरप इंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ई-निरीक्षण ऑनलाइन वेब पोर्टल के बारे में जानकारी दी। यह पोर्टल उत्तर मध्य रेलवे के सूचना प्रौद्योगिकी सेल द्वारा इन-हाउस विकसित किया गया है। इस पोर्टल को मूल रूप से १ जनवरी २०१६ को लॉन्च किया गया था। पिछले ३.५ वर्षों में इस पोर्टल के माध्यम से अब तक ६००० से अधिक निरीक्षण ऑनलाइन किए जा चुके हैं। इसका उद्देश्य ऑनलाइन निरीक्षण नोट बनाना और अनुपालन निगरानी है, इसके फलस्वरूप पेपर लेस कार्य प्रणाली और निरीक्षण नोट के अनुपालन को त्वरित करने को बढ़ावा मिलेगा। पोर्टल के नए संस्करण में कई नई विशेषताएं हैं जिनमें विस्तृत उन्नत डैशबोर्ड सहित अनुपालनों के अद्यतन, दस्तावेज अपलोडिंग, आर्काईविंग और पुल बैक विकल्प आदि शामिल हैं। इस पहल के बारे में बोलते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि यह एक बहुत अच्छी और उपयोगी पहल है और यह भी निर्देश दिया कि उत्तर मध्य रेलवे में सभी निरीक्षण इस पोर्टल के माध्यम से ही क्रियांवित किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि इसके माध्यम से अनुपालन की अ नलाइन निगरानी में भी मदद मिलेगी। उन्होंने आशा जताई कि अधिकारियों के निरीक्षण में सामने आई कमियों को त्वरित रूप से दूर करने में भी इससे सहायता मिलेगी।

> यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी हर भूल उसे कुछ शिक्षा दे सकती है।
>
> **महात्मा गांधी**

# महाप्रबंधक द्वारा प्रदान किए गए संरक्षा पुरस्कार



रे.स.ब्यूरो./संवाः महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रमोद कुमार, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, मनीष कुमार गुप्ता एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए झांसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित ०५ रेल कर्मचारियों को महाप्रबन्धक महोदय के द्वारा दिनांक १०.०८. २०२२ को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कृत कर्मचारियों में पवन कुमार, ट्रैक मेन्टेनर/ मानिकपुर/ प्रयागराज मण्डल, प्रेम प्रकाश, जे०ई०/सिगनल, पनकीधाम/ प्रयागराज मण्डल, राम सिंह, उप स्टेशन प्रबन्धक/ माताटीला/ झांसी मण्डल, दीपक कुमार पाठक, गेटमैन/ अछनेरा/ आगरा मण्डल, एवं सागर कुमार, प्वाइण्टसमैन/ पनकी/ प्रयागराज मण्डल शामिल हैं। सागर कुमार, को जुलाई माह के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। सागर कुमार ने अपनी रेल ड्यूटी के दौरान अत्यन्त सूझबूझ एवं सर्तकता का परिचय देते हुए दिनांक ०५.०७.२२ को ड्यूटी के दौरान गाड़ी सं० १२४८८ के चौथे कोच के एक्सल फेस प्लेट का टूटा होना चिन्हित किया था। इस प्रकार इन्होंने सतर्कता के एवं पूर्ण लगन के साथ अपनी ड्यूटी के दौरान सराहनीय कार्य किया गया है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया उत्तर मध्य रेलवे प्रधान कार्यालय में ७६ वां स्वतंत्रता दिवस



रे.स.ब्यूरो.सवां प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे प्रधान कार्यालय प्रयागराज में राष्ट्र का ७६ वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दिनांक १५ अगस्त २०२२ को कार्यक्रम का शुभारम्भ महाप्रबंधक प्रमोद कुमार द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल, भारत स्काउट एवं गाइड तथा सेंट जॉन एम्बूलेन्स ब्रिगेड की परेड का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक महोदय ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले रेल कर्मियों को पुरस्कृत भी किया। पुरस्कृत कर्मचारियों में बिनय कुमार सिंह- यातायात निरीक्षक / योजना, आर. के. पटेल - एसएसई / सिंगनल, राजीव कुमार सिंह- एसएसई, नरेंद्र कुमार-सहायक/ सिगनल अर्जुन पटेल- सहायक लोको पायलट, भंवर सिंह मीना–एसएसई, कन्हैया- टेक्नीशियन-iii, शिव सिंह मीना- कीमैन, सुरेश चंद्र- ब्लैक स्मिथ, शिव शंकर सिंह- कांस्टेबल, कुलदीप त्रिपाठी- लोको पायलट/मेल, आर. के. पचौरी- लोको पायलट /मेल, रवि शंकर- कनिष्ठ इंजी. /रेलपथ, कमलेश कुमार- ट्रैकमैन-IV, संजय कुमार सिंह- लोको पायलट/मालगाड़ी, दीवान सिंह- गेटमैन, धर्मेंद्र पाण्डेय -मुख्य वाणिज्य निरीक्षक वेद प्रकाश- टेक्नीशियन-१, सुभाष चंद मीना–एसएसई, हीरा लाल- संचालन निरीक्षक, मनोज मीना- एसएसई, देवेन्द्र प्रताप सिंह-संचालन निरीक्षक, संजय कुमार अस्थाना- कार्यकारी अभियंता/टीएमसी, ऋषि प्रकाश- सहायक मंडल यांत्रिक इंजीनियर/टूण्डला, दिनेश कुमार त्यागी-लोको पायलट/ मेल, डॉ. संजय कुमार वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी, राहुल यादव - उप निरीक्षक / कानपुर सेंट्रल शामिल थे। इसी क्रम में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन में योगदान करने वाले रेल कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। इसके तहत रागिनी सिंह- जनसंपर्क अधिकारी, प्रीति कुमारी- मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक, अमित कुमार सिंह-जनसंपर्क अधिकारी, वी. के. द्विवेदी-स्टेशन निदेशक, रविन्द्र सिंह-वरिष्ठ खण्ड अभियंता /पावर सप्लाई, सुरेन्द्र कुमार श्रीवास-मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक, रजनीश कुमार श्रीवास्तव-ट्रेन मैनेजर (मेल/पैसेंजर), शशि व्यास- डीओसी/गाईड, भारत स्काउट व गाईड, प्रवीण कुमार-मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक, शंभु कुमार-वरिष्ठ खण्ड अभियंता/टेली, लाखन सिंह मीना-सहायक / कार्य को सम्मानित किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक महोदय एवं अध्यक्षा, उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन पूनम कुमार ने रेल हेल्पलाइन १३६ के संदेश के साथ तिरंगे गुब्बारे हवा में छोड़े।

इस अवसर पर हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में, चंचल गुप्ता का भरतनाट्यम, पूर्णिमा के निर्देशन में समूह नृत्य 'वंदे मातरम', सुश्री मंजू जोशी के निर्देशन में स्कॉउट एवं गाइड द्वारा दो समूह नृत्य, रंजीत और संदीप का देश भक्ति गीत 'है प्रीत जहां की रीत सदा' बीना सिंह के निर्देशन में समूह नृत्य एवं ऐक्ट, आदि की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मनमोह लिया।

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर.यू.सी.सी.सदस्य**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

# उत्तर मध्य रेलवे,रेलगांव मे कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन




रे.स.ब्यूरो.सूत्रः आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में ७६वें स्वतंत्रा दिवस की पूर्व संध्या पर रेलगाँव, सूबेदारगंज स्थित अधिकारी क्लब में महाप्रबंधक प्रमोद कुमार की अध्यक्षता एवं समारोह की मुख्य अतिथि उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा पूनम कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन में विभिन्न अंचलों से पधारे प्रख्यात कवियों ने अपनी रचनाएं सुनाकर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि आजादी की लड़ाई में कवि और साहित्यकारों ने अपनी अहम भूमिका निभाई थी और अपनी कलम के द्वारा राष्ट्रीयता एवं राष्ट्र भावना का उद्घोष किया था। कवियों ने वंदे मातरम और सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा जैसी महान एवं अमर रचनाओं से स्वाधीनता के संघर्ष में नई जान फूँकी एवं पूरे राष्ट्र को भावनात्मक एकता के धागे में बाँधा। सुभद्रा कुमारी चौहान, राम प्रसाद बिस्मिल, माखनलाल चतुर्वेदी, श्यामलाल गुप्त श्पार्षदश, मैथिलीशरण गुप्त, अल्लामा इकबाल, रामधारी सिंह शदिनकरश जैसे राष्ट्रीयता, ओज और हुंकार के कवियों की रचनाएं आज भी हमें स्वतंत्रता संघर्ष में कवियों और साहित्यकारों की महान विरासत की याद दिलाते हैं, हमारे अंदर राष्ट्रीय भावना को मजबूत करते हैं। प्रमोद कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता के महान सेनानियों के कारण हमें १५ अगस्त को आजादी मिली, लेकिन इसके ठीक पहले देश को अपने साझे इतिहास, साझी संस्कृति और साझी परंपरा के साथ विश्वासघात और बंटवारे के दंश को झेलना पड़ा। राष्ट्र के दुखद विभाजन की उन्हीं स्मृतियों से सबक लेकर अपने महान राष्ट्र की अखंडता के प्रति जागृति के उद्देश्य से १४ अगस्त का यह दिन विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में आयोजित किया गया है।

कवि सम्मेलन का संचालन प्रख्यात नवगीतकार यश मालवीय द्वारा किया गया। रायसेन से पधारे श्री गौरीशंकर श्धाकड़श ने 'आन बान और शान देश की,ये प्राणों से प्यारा है, नहीं तिरंगा झुकने देंगे,यह संकल्प हमारा है' द्वारा देशभक्ति के जज्बे का इजहार किया। फरमूद 'इलाहाबादी' ने 'कुर्बान हुए पुरखे आजाद कराने में, मेहनत हमें करनी है अब इसको बचाने में के माध्यम से श्रोताओं की प्रशंसा हासिल की। रेलवे के वरिष्ठ कवि शैलेन्द्र कपिल, श्रीराम तिवारी और कुलदीप नायक ने अपनी-अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत सिंह ने समारोह के अध्यक्ष प्रमोद कुमार का स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रधान मुख्य कार्मिक अवधेश कुमार द्वारा आगत अतिथियों और कवियों का स्वागत किया गया तथा उप मुख्य राजभाषा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी चन्द्र भूषण पाण्डेय ने समारोह का संचालन किया। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य विभागाध्यक्ष, मुख्य विभागाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कवि सम्मेलन में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

*With Best Compliments*

Pamm
ADVERTISING & MARKETING
www.pammadvertising.com

**Pamm Advertising & Marketing**
L-13, Sangam Place Commercial Complex,
Prayagraj - 211001 (Allahabad)

# NORTHERN RAILWAY CELEBRATES INDEPENDENCE DAY WITH GAIETY AND FESTIVITY



Source/CPRO: Northern Railway celebrated the Independence Day 2022 with gaiety festivities and national fervour. The main function was held in New Delhi at the Headquarter office, Baroda House. The General Manager unfurled the National Flag and addressed a gathering of Railway employees. All Principal heads of departments and senior officials of NR were also present on the occasion. The General Manager felicitated some retired employees above the age of 75 years who had put in exemplary meritorious service during their employment tenure in Northern Railway. In his message to all employees of NR the GM highlighted the achievements of the zone in the previous year.

He further said that since independence the railways has worked relentlessly to serve the nation.

As we are returning towards normalcy after covid-75 , the Railways will enhance its efforts to help the country to mitigate the effects of the pandemic and to forge ahead in all fields.

Independence Day was also celebrated with national pride and fervor across the zone. Programmes were held at Divisional headquarters. All prominent Stations, Railway offices, buildings and colonies under Delhi, Ambala, Firozpur, Lucknow and Moradabad Divisions were decorated with the national flag and illuminated with tricolour lighting.

The station buildings of Delhi Jn, Charbag Lucknow, Varanasi Jn, Amritsar and Shimla, Kalka, Chandigarh, Ambala, SMVD Katra, Srinagar and Moradabad were tastefully decorated with lights. The Iconic Chenab Bridge was decorated with the national flag.

The Tricolour was unfurled at the top of the 193m Pylon of Anji Bridge. The mega structures were also illuminated with lights. The national flag was also hoisted at the under-construction sites of Rishikesh-Karnaprayag BG line project and upcoming stations of the USBRL project.

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए शिकायत निवारण कैम्प का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. प्रयागराज मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए शिकायत निवारण कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कर्मचारियों की यू.एम.आई.डी. कार्ड, सातवें वेतन आयोग के अंतर्गत रिवीजन एवं अन्य शिकायतों के त्वरित निपटान किए जाने हेतु दिनांक ६ अगस्त २०२२ को मिर्जापुर ,प्रयागराज, कानपुर,इटावा, टूंडला एवं अलीगढ़ स्टेशनों पर कार्मिक विभाग द्वारा शिकायत निवारण कैंपों का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत कुल यू. एम. आई .डी. कार्ड से संबंधित ४८ शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें ४२ शिकायतों का त्वरित रूप से स्पॉट पर ही निस्तारण कर दिया गया एवं ५ शिकायतें विचाराधीन हैं। इसी प्रकार सातवें वेतन आयोग के पेंशन रिवीजन से संबंधित ५१ शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें ११ शिकायतों का त्वरित रूप से स्पॉट पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष ४० पेंशन रिवीजन से संबंधित शिकायतें विचाराधीन हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारियों की अन्य समस्याओं से संबंधित २० शिकायतें प्राप्त हुई, जो कि विचाराधीन है। विभिन्न स्टेशन पर आयोजित किए गए कैंपों के अंतर्गत कुल ११६ शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें ५४ शिकायतों का त्वरित रूप से स्पॉट पर ही निस्तारण कर दिया गया।

# गरिमा के साथ मनाया गया दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ७६वें स्वतंत्रता दिवस



रे.स.ब्यूरो.सूत्र/बिलासपुरः दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्यालय सहित सभी मंडलों पर ७६वें स्वतंत्रता दिवस पूरी गरिमा व परंपरा के अनुसार दिनांक १५ अगस्त २०२२ को मनाया गया । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम एन ई. इंस्टीट्यूट ग्राउंड, बिलासपुर में आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आलोक कुमार, महाप्रबंधक द्वारा मुख्य सुरक्षा आयुक्त अभिय नन्दन सिन्हा की अगुवाई में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। तद्उपरांत उन्होंने रेल सुरक्षा बल के जवानों, सिविल डिफेन्स एवं सेन्टजांस एम्बुलेंस के द्वारा तैयार किये गये आकर्षक परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर आलोक कुमार ने कहा कि ७६वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मैं आप सभी को हार्दिक बधाई देता हूं । आजादी के अमृतकाल, स्वतंत्रता के ७५वें वर्ष में सारा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। हमारे साथियों ने घरों में तिरंगा फहरा कर हर घर झण्डा अभियान को सफल बनाया । हम स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हैं, जिन्होंनें देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। आलोक कुमार ने कहा कि आजादी के बाद से हमारा देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है । देश की गति, प्रगति, उन्नति तथा समृद्धि में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का महत्वपूर्ण योगदान है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सर्वाधिक माल लदान करने वाले जोनों में से एक है । वित्तीय वर्ष में हमने २१२ मिलियन टन से अधिक माल लदान किया। यह आप सभी की अथक मेहनत व निरंतर प्रयास का परिणाम है। मैं इसके लिए आप सभी को बधाई देता हूँ । वर्तमान वित्तीय वर्ष में हमें २५३ मिलियन टन माल लदान का लक्ष्य मिला है । मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी के सम्मिलित प्रयासों से हम इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे । उन्होने कहा की बेहतर यात्री सुविधा के साथ हम अपनी सेवाओं को लगातार उन्नत कर रहें हैं। मिशन कर्मयोगी के तहत २,८०० से अधिक प्रशिक्षित फ्रंट लाइन रेलकर्मी अपने कस्टमर फ्रेंडली एटीट्यूड के साथ यात्रियों की सेवा में तत्पर हैं । यात्रियों को सुगमता से टिकट की उपलब्धता, स्टेशन परिसरों और ट्रेनों में साफ-सफाई केसाथ नई सुविधाओं जैसे मोबाइल से **unreserved ticket,** हैंड हेल्ड टर्मिनल से टिकट चेकिंग आदि की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है । महिला यात्रिओं के लिए मेरी सहेली अभियान, तेजस्विनी ग्रुप तथा अक्षिता सेफ बबल का अभिनव व सफल क्रियान्वयन किया गया।

अन्त में उन्होनें रेल कर्मचारियों, उनके परिवार एवं उपस्थित बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमापूर्वक सभी मंडलो, फील्ड कार्यालयो एवं वर्कशापों में मनाया गया ।

## आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का किया गया आयोजन

साभारः आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत को संस्कृति विभाग के द्वारा आजादी के मायने से सम्बंधित नुक्कड़ नाटक का आयोजन शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क, शहीद स्मारक लाल पद्मधर कचेहरी, शहीद स्मारक रोशन सिंह स्वरूपरानी अस्पताल, शहीद स्थल फासी सुलेमसराय तथा फांसी स्थल नीम का पेड़ चौक में किया गया। कृष्णा एवं उनके साथी कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आजादी के महत्व के बारे में लोगो को जागरूक किया गया तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम अभियान से जुड़ने के लिए लोगो को प्रेरित किया गया।

# Inspector General Railway Protection Force flagged off the cycle rally in BLW



Source/CPRO: In the sequence of "Azadi ka Amrit Mahotsav" program in BLW, a cycle rally was organized today on 30/07/2022 under the direction of General Manager Ms. Anjali Goyal. 140 students of BLW St. John's School and 50 officers/ members of Railway Protection Force participated in the cycle rally. The cycle rally was organized by Inspector General cum Principal Chief Security Commissioner, Ranveer Singh Chauhan and the Principal of St. John's School, Father C. Guru Shantraj flagged off the cycle rally showing the green flag. This cycle rally started from the administration post of RPF, BLW and again passes through East Colony, Officers Colony and Western Colony and ended at the BLW's administration post. Excitement was seen among the children during the cycle rally. Raising the slogan of patriotism, the students of the cycling along with the soldiers of Railway Protection Force also participated enthusiastically in the program. On the cycle rally organized under the leadership of Railway Protection Force, BLW, the residents of the colony cheered by showering flowers from place to place, as well as the cycle rally at Jalalipatti by BLW Trade Board was welcomed by drinking toffee and water with floral showers. At the end of the rally, the Inspector General cum PCSC Ranveer Singh Chauhan encouraged the children and wished them for their bright future and presented them with a citation. Assistant Security Commissioner, Railway Protection Force, Shri Deepak Singh Chouhan, Pramod Lakda, D.K. Rai, Ranjan Kumar, Durga Prasad, Sub-Inspector Jagat Narayan Mishra, Anil Kumar and Assistant Sub-Inspector B.N. Shukla, Satye Dram Mishra, St. John's School sports teacher Anand Srivastava, Rohit, Jimmy Johnny and Michael had special participation. The Inspector-in-Charge of the program, R.P.F. K. K. Singh conducted the program.

''मनुष्य को ठंडा रहना चाहिए, क्रोध नहीं करना चाहिए। लोहा भले ही गर्म हो जाए, हथौड़े को तो ठंडा ही रहना चाहिए अन्यथा वह स्वयं अपना हत्था जला डालेगा। कोई भी राज्य प्रजा पर कितना ही गर्म क्यों न हो जाये, अंत में तो उसे ठंडा होना ही पड़ेगा।''

-सरदार वल्लभभाई पटेल



मंडल रेल प्रबंधक/झांसी आशुतोष के द्वारा ७६ वाँ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए ।

# आप कुछ ऐसा करें कि लोग आपका अनुसरण करें- हर्षित मुनि

साभार: किसी व्यक्ति की क पी करना आसान है किंतु उसने जो मुकाम मेहनत कर हासिल की है, उसी तरह का मुकाम हासिल करने के लिए मेहनत करें। झूठी प्रशंसा पाने के लिए रुपए खर्च ना करें। कुछ ऐसा कार्य करें कि लोग आपका अनुसरण करें। उक्त उद्गार आज जैन संत श्री हर्षित मुनि में समता भवन में अपने नियमित प्रवचन के दौरान व्यक्त किए।

जैन संत ने कहा कि आप इतनी सी प्रशंसा प्राप्त करने के लिए हजारों-लाखों रुपए लगा देते हैं। यदि आप चाहते हैं कि लोग आपकी प्रशंसा करें तो आपको इसके लिए मेहनत करनी होगी। लीग से अलग हटकर आपको अपनी पहचान बनानी होगी। उन्होंने कहा कि आप धारा में ना बहें, आप लीग से हटकर अच्छा कार्य करें तो आपकी बाद में प्रशंसा अवश्य होगी और लोग आपका अनुसरण करने लगेंगे। आप झूठी प्रशंसा पाने के लिए हजारों-लाखों रुपए खर्च कर देते हैं किंतु आपने सोचा है कि उस पैसे को हासिल करने के लिए आपके माता-पिता या आपने कितना समय लगाया है।

**बच्चों को सुसंस्कार दें।**

जैन संत श्री हर्षित मुनि ने कहा कि आप अपने बच्चों को दोष देते हैं परंतु बच्चे के वर्तमान स्वरूप को बनाने के पीछे आपका ही तो हाथ है। बच्चों को संस्कारित करें। यदि ड्रेसिंग टेबल में क स्मेटिक सामान की जगह किताबें हो और घर में पुस्तकें हो तो बच्चा एक ना एक बार उस किताब को खोलकर अवश्य देखेगा।

आप बच्चों में संस्कार डालें। हर व्यक्ति के भीतर शुभ और अशुभ संस्कार भरे पड़े हैं। आप अपने बच्चों को जैसे माहौल देंगे, वैसे-वैसे बच्चे के संस्कार सामने आएंगे और बच्चा उसी का अनुसरण कर आगे बढ़ेगा।

**परिधान से संस्कार का आंकलन**

संत श्री ने कहा कि बच्चों का परिधान देखकर हम उनके संस्कार का आंकलन करते हैं और उसके माता-पिता के बारे में चर्चा करते हैं। आप अपने बच्चों को ऐसे परिधान पहनाएं कि लोग उसे संस्कारी कहें। बच्चे कहीं भी जाए तो उन्हें परिधान की वजह से लज्जित ना होना पड़े।

माता-पिता बच्चे के भविष्य के लिए अपनी पेट काटकर बाहर पढ़ने भेजते हैं, किंतु बच्चा वहां दूसरों को देखकर बिना सोचे समझे पैसे खर्च करने लगता है। वह यह नहीं सोचता कि उसके माता-पिता किस तरह उसकी पढ़ाई के लिए पैसे भेज रहे हैं और वह इन पैसों का किस तरह उपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चे और युवा यह समझे कि किसी की कॉपी करने की जरूरत नहीं है, जैसे आप हैं वैसे ही रहकर ऐसा कार्य करें कि लोग आपका अनुसरण करें। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।



## गीत

वातावरण घिनौना इतना,नैतिकता भी भटक रही है
मानवता बन गई पहेली, कितनों को यह खटक रही है।

आज अनैतिक किसको बोलें, किसको हम अपने से तोलें
ऊँट भला किस करवट बैठे, अपने पत्ते वे कब खोलें
बहती गंगा में अब कितने, हाथ यहाँ पर अपने धो लें
सब कुछ चलता राम भरोसे, तछलिया आस-पास ही डोलें

जल में रहकर बैर मगर से, बात यहीं पर अटक रही है
मानवता बन गई पहेली, कितनों को यह खटक रही है।

समझ न पाए लोग आज क्यों, साँप आस्तीनों में पाले
जिनको अपना मान रहे वे,निकले कितने मन के काले
उड़ती चिड़िया क्या पहचानें, हाय यहाँ पर भोले- भाले
उल्टे बाँस बरेली को ही, निकल पड़े उनके घर वाले

आज योग्यता काम न करती, वह अपना सिर पटक रही है
मानवता बन गयी पहेली, कितनों को यह खटक रही है।

अवसरवादी आज यहाँ पर, तिकड़म से सब काम बना ले
खेल टके का ही है केवल, इसके पीछे सब मतवाले
झटके का अब माल पा रहे, ऐसे हैं देखो रखवाले
निर्बल का सब हड़प लिया फिर, उसके मुँह पर डाले ताले


आज आस्था इतनी लज्जित, फाँसी पर अब लटक रही है
मानवता बन गई पहेली, कितनों को यह खटक रही है।

उल्टी माला जपते हैं जो, नहीं किसी के हुए भले हैं
चुरा रहे आँखों का काजल,अपनी आँखें बदल चले हैं
आठ-आठ आँसू रोते जो, उनके सपने गए छले हैं
बिछा चुके जो अपनी आँखें, खुद आँसू पी हाथ मले हैं

चटक- मटक को आज फटककर, और गटककर सटक रही है
मानवता बन गई पहेली, कितनों को यह खटक रही है ।

**रचनाकार-उपमेंद्र सक्सेना एड० 'कुमुद- निवास' बरेली (उत्तर प्रदेश )**

# यात्रियों की शिकायत का त्वरित निस्तारण व तत्काल निराकरण का हो लक्ष्यः प्रमोद कुमार



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे की अध्यक्षता में साप्ताहिक संरक्षा और समयपालन बैठक आयोजित हुई।

दिनांक २३.०८.२०२२ को महाप्रबंधक ने पिछले सप्ताह की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि चालू कार्यो की प्रगति के संबंध में योजना प्रमुख समन्वयकों द्वारा मासिक बैठक करने की आवश्यकता है। महाप्रबंधक ने आगे कहा कि विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण करने वाली यात्री सेवा समिति द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश एवं फीडबैक को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाये ताकि समान तरीके की शिकायतें ना दोहराई जाएं। बैठक में रेल मदद पर प्राप्त होने वाली शिकायतों पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। रेल मदद का विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि रेल मदद पर सफाई, समयपालन, पानी, एसी की समस्या, कोच इंडिकेशन बोर्ड काम नहीं करने आदि की शिकायतें प्राप्त होती हैं। महाप्रबंधक ने शिकायतों की ट्रेन वार और सेक्शन वार म निटरिंग करने को कहा और जिन मामलों में निस्तारण का समय अधिक था, उन पर ध्यान देने आवश्यकता की जताई। महाप्रबंधक ने आगे निर्देश दिया कि यात्रियों से लिए गए फीडबैक का गहन विश्लेषण किया जाए और ढांचागत सुधार किया जाए।

चर्चा किए गए अन्य मुद्दों में आरबिट्रेशन मामलों की स्थिति, अदालती मामले, आरटीआई मामलों की स्थिति, सांसदों और विधायकों द्वारा संदर्भ शामिल थे। इसके अलावा मानव संसाधन मामलों की स्थिति की भी समीक्षा की गई जिसमें कर्मचारियों की पदोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति, पीपीओ संशोधन मामले और प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण शामिल है। महाप्रबंधक ने प्रशिक्षण हेतु आधारभूत संरचना और अन्य सुविधाओं के उन्नयन की आवश्यकता जताई।

महाप्रबंधक ने आगे निर्देश दिया कि कर्मचारियों की शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निपटाया जाए। बैठक में सभी प्रमुख विभाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधक झांसी ने भाग लिया, जबकि मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज और मंडल रेल प्रबंधक आगरा के साथ मंडल के वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए।

# प्रयागराज जंक्शन पर चलाया गया चेकिंग अभियान



रे.स.ब्यूरो.सूत्रः रेलवे प्रशासन द्वारा बिना टिकट यात्रा को रोकने के लिए स्टेशनों पर टिकट चेकिंग प्रणाली का प्रयोग कर दिनांक २२.०८.२०२२ को प्रयागराज जंक्शन पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान कुल ६१० केस पकडे गए, जिनसे ४६५०४०/- रू. जुर्माने के रूप में वसूल किया गया। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मण्डल के वाणिज्य विभाग द्वारा प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक विपिन कुमार सिंह के नेतृत्व में फोरट्रेस चेकिंग अभियान चलाया गया।

जिसमें बिना टिकट यात्रा करने के ४८७ मामले पकड़े गए, जिनसे ४०४८८०/- रूपये जुर्माना लिया गया। वही रेल परिसर और ट्रेन के अन्दर गन्दगी फैलाने वाले तीन लोंगो पर भी कार्यवाही की गयी। इसके अलावा १२० लोंगो अनियमित रूप से रेल यात्रा करते पकड़ा गया जिनसे ५६८६०/- रुपये जुर्माना वसूल किया गया। इस प्रकार एक दिन में कुल ६१० मामलों में ४६५०४०/- .रुपये रेल राजस्व की आय प्राप्त हुई। इस टिकट चेकिंग अभियान में कुल १० रेल गाड़ियों में जाँच की गई

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में लगी रेल प्रदर्शनी



रे.स.ब्यूरो./सूत्र झांसीः वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन पर दिनांक १२.०८.२२ को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) भारत सरकार भानुप्रताप सिंह वर्मा रहे, साथ ही कार्यक्रम में माननीय सांसद झांसी-ललितपुर अनुराग शर्मा, एम एल सी रमा निरंजन के साथ मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष सहित अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत रेल सुरक्षा बल थाना वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी में मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कर की गई। तत्पश्चात स्टेशन के प्रवेश द्वार पर स्थित प्रसिद्ध साहित्यकारों मैथिलीशरण गुप्त, महावीर प्रसाद द्विवेदी एवं बाबू वृन्दावन लाल वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा वीरांगना लक्ष्मीबाई की चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति गीत, नुक्कड़ नाटक इत्यादि की प्रस्तुति रेल कर्मचारियों द्वारा दी गयी। मुख्य अतिथि भानुप्रताप सिंह वर्मा ने रेलवे स्टेशन पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में लगाई रेल प्रदर्शनी की प्रशंसा की। उन्होंने अपने संबोधन में विभाजन के समय रेलवे की भूमिका के बारे में बताया. इसके साथ ही उन्होंने १४ अगस्त, १९४७ को देश के विभाजन के समय हुई विभीषिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) आशुतोष चौरसिया, वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर (सामान्य) रघुनाथ सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक – ii अखिल शुक्ल, मंडल सुरक्षा आयुक्त आलोक कुमार ,मण्डल कार्मिक अधिकारी जी०पी० मिश्रा, मण्डल कार्मिक अधिकारी रविंद्र कुमार, स्टेशन निदेशक नीरज भटनागर और जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण,रेल कर्मी और यात्रीगण उपस्थित रहे।

# संरक्षा सेमीनार हुआ आयोजित



रे.स.ब्यूरो.सूत्रः दुर्घटना रहित रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रयागराज मण्डल के संरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न संरक्षा सेमिनारों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम मे दिनांक ११.०८.२०२२.को 'बहुउद्देशीय मंडल संस्थान परिचालन उत्तर मध्य रेलवे सूबेदारगंज' में संरक्षा विभाग द्वारा संरक्षा-कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे परिचालन-विभाग के २० प्रशिक्षुओं को शटिंग के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों, जैसे -गेट का बचाव, प्रोटेक्शन, आल राइट सिग्नल, रोल डाउन से बचाव के बारे में संरक्षा- कार्यशाला (सेमिनार) का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षा सलाकार चन्द्रिका प्रसाद ने विशेष प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर,संस्थान के प्रधानाचार्यः मुख्य अनुदेशक नन्द लाल तथा अनुदेशक राम बिहारी वर्मा भी सम्मिलित हुए।

''मनुष्य को ठंडा रहना चाहिए, क्रोध नहीं करना चाहिए। लोहा भले ही गर्म हो जाए, हथौड़े को तो ठंडा ही रहना चाहिए अन्यथा वह स्वयं अपना हत्था जला डालेगा। कोई भी राज्य प्रजा पर कितना ही गर्म क्यों न हो जाये, अंत में तो उसे ठंडा होना ही पड़ेगा।''

-सरदार वल्लभभाई पटेल


# उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में राजभाषा प्रदर्शनी का आयोजन



रे.स.ब्यूरो.सूत्रः प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार के कार्यों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की आकर्षक प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने कहा कि हमारी रेलवे पूरी तरह हिंदीभाषी क्षेत्र में है, अतः हमें पूरी प्रतिबद्धता एवं दायित्व भावना के साथ अपने सरकारी कार्यों में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए और राजभाषा हिंदी के निरंतर प्रयोग-प्रसार के क्षेत्र में हमें अग्रणी रेलवे की भूमिका निभानी चाहिए। महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा किए जा रहे राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। इस क्रम में संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण से संबंधित मदों के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा हिंदी में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एस. के. सिंह, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नवीन कुमार, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी एम. के. गुप्ता, सचिवध्महाप्रबंधक अजय सिंह, उप महाप्रबंधकध्सामान्य अंकुर चंद्रा, उप महाप्रबंधकधविधि उल्लास कुमार एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। राजभाषा प्रदर्शनी का संयोजन एवं समन्वय सहायक उप महाप्रबंधक संतोष बाजपेयी ने किया। कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।




# अजय कुमार श्रीवास्तव ने संभाला प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी(पीसीपीओ), उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार



रे.स.ब्यूरो.सूत्र/ भारतीय रेल कार्मिक सेवा(आईआरपीएस) १६६० बैच के अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी(पीसीपीओ), उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार ग्रहण कर लिया । इससे पहले वह प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी/आरडीएसओ, लखनऊ के रूप में कार्यरत थे। अजय कुमार श्रीवास्तव भारतीय रेलवे के कुशल एवं तेजतर्रार अधिकारियों में से एक हैं, जिनको रेलवे और प्रशासन का व्यापक अनुभव है और उन्होने प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी/मॉडर्न कोच फैक्ट्री, रायबरेली एवं उत्तर रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया है। उन्होंने वर्ष २०१५-२०१६ तक मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन के पद पर उत्तर मध्य रेलवे में कार्य किया हैं।

उन्हें कार्मिक विभाग के कार्य करने के प्रत्येक पहलू का व्यापक अनुभव है। श्रीवास्तव मूल रूप से लखनऊ के निवासी हैं और इन्होंने अपने स्नातक की डिग्री लखनऊ विश्व विद्यालय से प्राप्त की है। अजय कुमार श्रीवास्तव ने रेलवे में सहायक कार्मिक अधिकारी/ रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला के रूप में कैरियर प्रारंभ किया। उन्होंने सिंगापुर, मलेशिया, आस्ट्रेलिया, एवं चीन से एडवांस मैनेजमेंट प्रोग्राम में भाग लिया है।

# Northern Railway achieve a milestone of breaking through of Escape Tunnel T-13 in J&K Another Big Achievement for Railways in USBRL Project




Source/CPRO: Sh. Ashutosh Gangal, General Manager Northern Railway, informed that Northern Railway has achieved a major milestone in the USBRL project on 02.08.2022 by executing break-through of Escape Tunnel T-13 between Dugga and Basindadhar Station on the ongoing Katra-Banihal Section. Breakthrough of Escape Tunnel, T-13 having a length of 9.1 kms and 4.6 metre diameter in a modified horseshoe shape was achieved on 2nd Aug 22, making it completely through from both portals. The breakthrough of this 9.1 km long rescue tunnel has been successfully achieved in 5 years' time by winning over all sorts of challenges. As per International railway standards, an Escape tunnel is provided in parallel and having size relatively smaller than the main tunnel having length more than 3 kms. The breakthrough of this escape tunnel has been seen as an achievement of another milestone for this National project in making the dream of connecting the valley to the rest of India a success.

The major challenges faced during the construction of this escape tunnel were hostile terrain & remote location, weak and fractured geology embedded with surprises in lower Himalayas, inclement weather conditions and last but not the least social problems.

## अब 'सहयोग' के नाम से जाना जाएगा रेलवे स्टेशनों पर स्थित पूछताछ काउंटर

रे.स.ब्यूरो./संवाः बिलासपुर – भारतीय रेल द्वारा यात्री सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। रेल यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर प्लेटफार्म पर ट्रेनों से संबंधित आवश्यक पूछताछ आदि के लिए सभी महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों में पूछताछ काउंटर (इंक्वायरी बूथ) उपलब्ध कराए गए है । इन पूछताछ काउंटरों के जरिए रेल यात्री ट्रेनों की स्थिति, ट्रेनों के किस प्लेटफार्म पर आगमन की जानकारी सहित स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों से जुड़े अहम जानकारियां हासिल करते हैं । रेलवे स्टेशनों पर मौजूद इंक्वायरी बूथ यात्रियों की काफी सहायता करते हैं, रेल मंत्रालय के द्वारा रेलवे स्टेशनों पर स्थित इन पूछताछ काउंटर (इंक्वायरी बूथ)के नाम को परिवर्तित कर "सहयोग" किया गया है । रेलवे स्टेशनों पर स्थित ये पूछताछ काउंटर (इंक्वायरी बूथ) अब "सहयोग" के नाम से जाने जाएंगे ।

# प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक पुरस्कार वितरण समारोह हुआ आयोजित



रे.स.ब्यूरो./संवाः उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। दिनांक २२.०८.२०२२ को इस कार्यक्रम में उत्तर मध्य रेलवे के भंडार विभाग के वर्ष २०२१-२२ के दौरान रेल सेवा में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के योगदान को सराहा गया। इसमें महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक कमलेश शुक्ल द्वारा ०३ अधिकारियों तथा ७२ कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक ने पुरस्कृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनायें एवं बधाई देते हुये भविष्य में भी पूरी लगन एवं पूरे उत्साह से उच्च स्तरीय सेवा प्रदान करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अधिकारियों तथा कर्मचारियों को संरक्षा मदों तथा यात्री सुविधा मदों की शतप्रतिशत उपलब्धता के प्रति जागरूक रहने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक ने निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में आने वाले व्यवधानों के निराकरण के संबंध में भी कर्मचारियों से चर्चा की। इस समारोह में आशीष कुमार अग्रवाल, मुख्य सामग्री प्रबंधक /निर्माण द्वारा प्रारंभिक उद्बोधन किया गया तथा सुनील अग्रवाल मुख्य सामग्री प्रबंधक/विद्युत, अनुराग अग्रवाल मुख्य सामग्री प्रबंधक/ विक्रय एवं इन्द्रजीत कटियार, मुख्य सतर्कता अधिकारी/भंडार द्वारा कर्मचारियों की सराहना करते हुए भविष्य में लगन से कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

# चोपन- चुनार रेलखंड पर रेल लाइन दोहरीकरण कार्य शीघ्र होगा प्रारंभ:- गौतम



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः राष्ट्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री काउंसिल, (एनआरयूसीसी) रेल मंत्रालय के सदस्य एसके गौतम ने रेलवे बोर्ड चेयरमैन एवं सीईओ श्री विनय कुमार त्रिपाठी से रेल भवन नई दिल्ली में मुलाकात कर चोपन चुनार रेलखंड पर रेल लाइन दोहरीकरण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराए जाने की मांग की। जिस पर उन्होंने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त श्री गौतम ने चोपन रेलवे स्टेशन पर गाड़ियों की मरम्मत, धुलाई एवं रखरखाव हेतु बनाई जा रही न्यू पिट लाइन का कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा कराए जाने के निर्देश देने का भी अनुरोध किया।

ज्ञात हो चोपन रेलवे स्टेशन पर लगभग १२ करोड़ रुपए की लागत से कैमटेक डिजाइन एवं २८ कोच लंबाई की पिट लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है तथा प्लेटफार्म संख्या ४ एवं ५ पर गहराई के दो ट्यूबेल का कार्य भी होना है।

इस कार्य हेतु गौतम ने ३० दिसंबर २०२१ को धनबाद में आयोजित सांसद बैठक में तथा रेल मंत्री जी को सांसद द्वय रामशकल एवं पकौड़ी लाल कोल के प्रतिनिधि के रूप में प्रस्ताव दिया था। इसके अतिरिक्त गौतम ने चेयरमैन का धन्यवाद ज्ञापित किया कि आपने चोपन -चुनार एकल रेल लाइन के आधारभूत संरचना के लगभग सभी कार्य पूरे करा दिए हैं तथा एकमात्र बचे चुर्क स्टेशन पर ३१ अगस्त २०२२ तक इलेक्ट्रॉनिक इंटरल किंग कार्य भी पूरा हो जाएगा।

रॉबर्ट्सगंज स्टेशन के विकास के सभी कार्य स्वीकृत कर दिए हैं, जिसकी परिणिति से इस एकल लाइन पर लॉन्ग हॉल मालगाड़ियाँ का संचालन चुनार से चोपन होते हुए सिंगरौली एवं शक्तिनगर तक प्रारंभ हो गया है।

लॉग हॉल माल गाड़ियां दो माल गाड़ियों को जोड़कर चलाई जा रही हैं जिसमें एक इंजन आगे तथा एक रेल इंजन बीच में लगाकर लगभग १२० डिब्बों की खाली मालगाड़ी सिंगरौली से एवं शक्ति नगर से कोयला लोड करने हेतु पहुँच रही है, जिससे कोयला ढुलाई तीव्रता से एवँ समय की बचत से हो रही है।

चोपन रेलवे स्टेशन तक शार्ट टर्मिनेट कर चलाई जा रही त्रिवेणी एक्सप्रेस ट्रेन को सिंगरौली व शक्तिनगर तक संचालन का निर्णय धनबाद रेल मंडल द्वारा शीघ्र लिया जाएगा।

# प्रभारी मंत्री जी एवं राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग ने कौड़िहार ब्लाक में आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण



साभार : पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश/प्रभारी मंत्री, प्रयागराज मण्डल जयवीर सिंह जी एवं राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल जी (मन्नू कोरी) जी ने गुरूवार को कौड़िहार ब्लाक में आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। मा० मंत्री जी ने विद्यालय में बनाये गये स्मार्ट क्लासेज तथा कम्प्यूटर कक्षा को देखा तथा विद्यालय की प्रशंसा की। उन्होंने वहां पर कक्षा में जाकर छात्राओं से बातचीत भी की। उन्होंने वहां पर छात्राओं के द्वारा पोस्टरों पर बनाये गये चित्रों को देखा तथा छात्राओं की प्रशंसा की। इस अवसर पर ाविधायक फूलपुर ाप्रवीण पटेल, भाजपा गंगापार एवं यमुनापार के अध्यक्ष, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, परियोजना निदेशक ए०के० मौर्या सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

> यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी हर भूल उसे कुछ शिक्षा दे सकती है।
>
> महात्मा गांधी

# मानव तस्करी के खिलाफ जुलाई २०२२ के दौरान आरपीएफ ने महीने भर चलाया देशव्यापी अभियान

पसूका/नईदिल्लीः आरपीएफ के ऑप्रेशन-आहट के तहत की जाने वाली कार्रवाई में १५१ नाबालिग लड़कों, ३२ नाबालिग लड़कियों (कुल १८३ नाबालिगों) और तीन महिलाओं को मानव तस्करों के चंगुल से छुड़ाया गया ४७ मानव तस्कर धरे गये जिसमें यौन शोषण, देहव्यापार, जबरन मजदूरी, जबरन शादी, घरेलू बेगार करवाना, गोद देना, भीख मंगवाना, अंगों का प्रत्यारोपण करवाना, मादक पदार्थों को एक स्थान से दूसरे स्थान भिजवाने के लिये महिलाओं तथा बच्चों की मानव तस्करी संगठित अपराध है और मानवाधिकार के हनन का सबसे घृणित नमूना है। देश का प्रमुख यातायात तंत्र होने के नाते भारतीय रेल को मानव तस्करी के लिये इस्तेमाल किया जाता है, जिसके जरिये पीड़ितों को उनके मूलस्थान से उठाकर अन्य गंतव्यों तक ले जाया जाता है। कमान और नियंत्रण की एक संगठित अवसंचरना होने के नाते आरपीएफ की पहुंच पूरे देश में है। समय बीतने के साथ-साथ आरपीएफ ने यात्रियों की सुरक्षा सम्बंधी शिकायतों का समाधान करने की कारगर प्रणाली विकसित कर ली है। पिछले पांच वर्षों (२०१७, २०१८, २०१६, २०२० और २०२१) के दौरान आरपीएफ ने २१७८ लोगों को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया। इसके साथ ही ६५००० से अधिक बच्चों और तमाम महिलाओं व पुरुषों को बचाया तथा उन्हें सुरक्षा दी।

स्टेशनों और गाड़ियों में अपनी रणनीतिक तैनाती, पूरे देश में अपनी पहुंच और पुलिस की मानव तस्करी रोधी इकाइयों (एएचटीयू) तथा अन्य इकाइयों के प्रयासों में तेजी लाने वाली प्रणाली का इस्तेमाल करते हुये, आरपीएफ ने हाल में मानव तस्करी के विरुद्ध "ऑप्रेशन आहट" (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग) नामक अभियान शुरू किया। इस पहल के अंग के रूप में आरपीएफ ने हाल में देशभर में ७५० एएचटीयू की स्थापना की है, जो पुलिस, थानों में कार्यरत एएचटीयू, जिला और राज्य स्तरों पर, खुफिया इकाइयों, गैर-सरकारी संगठनों और अन्य हितधारकों के साथ समन्वय करेंगी तथा रेलगाड़ियों के जरिये होने वाली मानव तस्करी के खिलाफ कारगर कार्रवाई करेंगी। हाल में आरपीएफ ने एसोसियेशन ऑफ वॉलंटेरी ऐक्शन (एवीए) नामक गैर-सरकारी संगठन के साथ एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। इस संगठन को बचपन बचाओ आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है। यह संगठन प्रशिक्षण के जरिये आरपीएफ की सहायता करेगा तथा आरपीएफ को मानव तस्करी के बारे में सूचनायें भी देगा।

इन प्रयासों में तेजी लाने के लिये मानव तस्करी के खिलाफ रेलवे के जरिये जुलाई २०२२ में महीने भर का अभियान चलाया गया। आरपीएफ की क्षेत्रीय इकाइयों को सलाह दी गई थी कि वे राज्य पुलिस, स्थानीय कानूनी एजेंसियों और अन्य हितधारकों के साथ समन्वय बनाकर काम करें, ताकि तस्करी रोकने तथा तस्करी के मामलों के बारे में मिली सूचनाओं पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस से भी आग्रह किया गया कि वे आरपीएफ के साथ संयुक्त कार्रवाई में हिस्सा लें, ताकि इस दिशा में समवेत प्रयास हो सकें। महीने के दौरान अ प्रेशन-आहट में १५१ नाबालिग लड़कों, ३२ नाबालिग लड़कियों (कुल १८३ नाबालिगों) और तीन महिलाओं को मानव तस्करों के चंगुल से छुड़ाया गया। साथ ही ४७ मानव तस्कर भी धरे गये। इस अभियान ने सभी हितधारकों को साथ आने का मंच उपलब्ध कराया कि वे रेल के जरिये की जाने वाली मानव तस्करी के खिलाफ लामबंद हों।

अभियान के दौरान विभिन्न एजेंसियों और हितधारकों के बीच विकसित समझ से भविष्य में भी मानव तस्करी के खिलाफ चलने वाली कार्रवाई में मदद मिलेगी।

# रेलमंत्री ने उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल के धामपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया



साभारः रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दौरे पर उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल के धामपुर रेलवे स्टेशन का दौरा किया। निरीक्षण यान से यात्रा करते हुए रेलमंत्री ने बिजनौर और धामपुर के बीच के सेक्शन में रेलवे लाइनों और रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। मंत्री के साथ उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल और उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष व मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री को उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के धामपुर में व उसके आसपास चल रही विकासात्मक योजनाओं से अवगत कराया गया। उन्हें इस सेक्शन में आने वाले विभिन्न रेलवे स्टेशनों और वहां मौजूद यात्री सुविधाओं के संबंध में बताया गया।

रेलमंत्री ने धामपुर रेलवे स्टेशन और वहाँ मौजूद यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। वे स्टेशन के आसपास घूमे और उन्होंने प्लेटफॉर्मों, सर्कुलेटिंग एरिया और वहाँ मौजूद यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मालगोदाम का निरीक्षण किया और वहाँ तक के पहुँच मार्ग, लाइटिंग, पेयजल और व्यापारियों व कर्मचारियों के लिए उपलब्ध कराई गयीं बैठने की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने अधिकारियों को स्टेशन पर अत्याधुनिक सुविधाएं, जिसके अंतर्गत स्टेशन परिसरों में लिफ्टों और एस्केलेटरों, बैठने की पर्याप्त सुविधाएँ, खानपान, पेयजल एवं शौचालय इत्यादि शामिल हैं, उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि मालगोदाम में और उसके आसपास सुविधाओं को बेहतर बनाया जाना चाहिए ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक रेलयात्री और व्यापारी रेलवे की ओर आकर्षित हो सकें। उन्होंने बाद में जनप्रतिनिधियों और मीडिया के लोगों से भी बातचीत की और उन्हें आश्वासन दिया कि सभी आधुनिकीकरण कार्य निर्धारित समय में पूरे किये जायेंगे।

यह क्षेत्र गन्ना उत्पादन के लिए जाना जाता है। यहाँ चीनी की मिलों की प्रचुरता है जो रिफाइंड चीनी और गुड़ का उत्पादन करती है। रेलवे इन उत्पादों का बड़ी मात्रा में परिवहन करती है। भारतीय रेलवे मंडल स्तरों पर स्थापित की गयी बिजनेस डेवलपमैंट यूनिटों के जरिए वाजिब मूल्य पर सुविधाजनक लॉजिस्टिक समाधान उपलब्ध कराकर छोटे और मंझोले ग्राहकों पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। माननीय रेलमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को परामर्श देते हुए कहा कि वे भारत के माननीय प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप मालभाडा लदान की सुविधा के लिए बिजनौर जिले में गति-शक्ति मालभाड़ा टर्मिनल के विकास की संभावनाएं तलाशें।



योगेश अवस्थी संपादक भारतीय रेल के साथ के.के. गौतम, अजय दूबे सदस्य एनआरयूसीसी तथा साथ में ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव प्रधान संपादक रेल समाचार ब्यूरो /सदस्य जेडआरयूसीसी

# मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी बक्शीबांध पहुंचकर बढ़ते जल स्तर एवं सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का लिया जायजा



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. प्रयागराज मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत एवं जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को बक्शी बांध पहुंचकर बढ़ते जल स्तर एवं सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का का जायजा लिया। मण्डलायुक्त ने उपजिलाधिकारी तहसीलदार एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को सम्भावित बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का भ्रमण कर वहां पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सम्बंधित क्षेत्रों के लेखपालों को वहां के पार्षद एवं अन्य लोगो से निरंतर सम्पर्क बनाये रखने तथा उनका मोबाइल नं० भी रखने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने सम्भावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए पहले से ही नाव की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने तथा पीने के पानी सहित सभी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था पहले से ही किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने बाढ़ राहत शिविरों में पीने के पानी, भोजन, विद्युत, शौचालय, साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने तथा बाढ़ राहत शिविरों में हेल्पडेस्क की व्यवस्था जिसमें सभी विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। गोवंशों के लिए भूसे-चारे की पर्याप्त व्यवस्था भी सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बघाड़ा में बनाये गये बाढ़ राहत शिविर एनी बेसेंट स्कूल का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बघाड़ा में बनाये गये बाढ़ राहत शिविर एनी बेसेंट स्कूल का भी भ्रमण कर वहां पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किए जाने का निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिया है। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व श्री जगदम्बा सिंह, एस०पी० सिटी श्री दिनेश सिंह, उपजिलाधिकारी सदर सहित सभी सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री जी एवं राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग ने फाफामऊ पुलिस थाने का किया निरीक्षण




रे.स.ब्यूरो./सूत्रः मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश/प्रभारी मंत्री, प्रयागराज मण्डल जयवीर सिंह जी एवं राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल जी (मन्नू कोरी) ने को फाफामऊ पुलिस थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर गुण्डा एक्ट, गैगेस्टर एक्ट, पाक्सों एक्ट के तहत की गयी कार्रवाईयों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मंत्री जी ने थाना दिवस सहित अन्य रजिस्टरों का अवलोकन किया। उन्होंने जनता की शिकायतों को प्राथमिकता पर गुणवत्ता के साथ निस्तारित किए जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस पर जो भी शिकायतें प्राप्त हो, उनको गुणवत्ता के साथ निस्तारित किया जाये। मंत्री जी ने वहां पर साफ सफाई, लाईट एवं थाने में आने वाले लोगो के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, भाजपा गंगापार एवं यमुनापार के अध्यक्ष, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, परियोजना निदेशक ए०के० मौर्या सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## Hon'ble Union Minister for Railways, Communications, Electronics & IT visits Chennai The Union Minister inspects the new Vande Bharat rake at ICF




Source/CPRO: Ashwini Vaishnaw, Hon'ble Minister of Railways, Communications and Electronics & Information Technology, visited ICF at Chennai on 12.08.2022. He was accompanied by A.K. Agarwal, GM, ICF, B.G. Mallya, GM, Southern Railway, S. Srinivas, Principal Chief Mechanical Engineer, ICF, Shri D.P. Dash, Principal Chief Electrical Engineer, ICF and other officers of ICF and Southern Railway. The Minister inspected the latest Vande Bharat Express rake that is getting commissioned and also inspected the interiors of the coaches including the driver cab. He also went for a short inspection on board the Vande Bharat Express driver's cab along with ICF officials. Later, the Minister visited ICF Silver Jubilee School in ICF premises and hoisted the National flag and went around the ICF North Colony along with the children of the school and the residents of the ICF North Colony, carrying the National Flag to create awareness of the 'Har Ghar Tiranga' program.




## एलटीटी-गोरखपुर काशी एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव के प्रावधान को झंडी दिखाकर किया लागू




पसूका/नई दिल्ली: भारत सरकार के रेल, कोयला और खान राज्य मंत्री रावसाहेब दादाराव पाटिल दानवे और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने आज वीडियो लिंक के माध्यम से १५०१७ एलटीटी-गोरखपुर काशी को एक्सप्रेस के नंदगांव में ठहराव के प्रावधान को झंडी दिखाकर लागू किया। मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार लाहोटी ने मुंबई स्थित मुख्यालय से वीडियो लिंक के माध्यम से गणमान्य व्यक्तियों, पत्रकारों और यात्रियों का स्वागत किया। भुसावल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश कुल्हारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

समारोह में मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी वीडियो लिंक के माध्यम से तथा भुसावल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी नंदगांव रेलवे स्टेशन पर उपस्थित थे।

### पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:

१.उच्चतम अधिकारी- ५००० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- ३५०० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-२५०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-१०००रु.मात्र

**प्रबंध संपादक**
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव/ अनिल केन
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.51097-90 पोस्ट ए.डी-8
मो. 9793956044,9935224867
फोन नं.-0532-2418040

## रक्षा बंधन पर जिलाधिकारी ने बच्चों से बंधवाई राखी



साभार: जिलाधिकारी प्रयागराज संजय कुमार खत्री ने रक्षा बंधन पर्व के अवसर पर बच्चों एवं बालिकाओं से राखी बंधवाई एवं उनके द्वारा बच्चों को उपहार एवं मिठाईयां वितरित की गयी। इसी क्रम मे जिलाधिकारी ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय संस्थान राजकीय बाल गृह शिशु एवं राजकीय बाल गृह बालिका, राजकीय महिला शरणालय एवं राजकीय सम्प्रेषण गृह (किशोर) का निरीक्षण किया तथा वहां पर व्यवस्थाओं को देखा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।